# मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में
# सिद्धयोग सत्संग

१३ जनवरी, २०२३

आत्मीय पाठक,

शुभ मकर संक्रान्ति की पूर्वसन्ध्या!

आपने सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर, “जनवरी २०२३” के अन्तर्गत सूर्यदेवता के विषय में पृष्ठ देखा ही होगा। यदि हाँ, तो आप जानते ही होंगे कि सिद्धयोग पथ पर हम प्रत्येक वर्ष १४ जनवरी को मकर संक्रान्ति के अवसर पर सूर्यदेवता का सम्मान करते हैं और उनकी वन्दना करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि सूर्य का प्रकाश पृथ्वी पर लगभग आठ मिनट में पहुँचता है। दूसरे शब्दों में, यह आश्चर्यजनक रूप से तेज़ गति से पहुँचता है। और *मैं* यह आशा कर रही हूँ कि आपको मुझसे वैसी ही गति से सिद्धयोग सत्संग के विषय में यह सूचना प्राप्त हो रही है, जो कि मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में होने वाला है।

जी हाँ—यह सही है! कल, १४ जनवरी, शनिवार को न्यूयॉर्क समयानुसार सुबह १०:०० बजे से ११:०० बजे तक सत्संग आयोजित होगा जिसका सीधा वीडिओ प्रसारण श्री मुक्तानन्द आश्रम स्थित भगवान नित्यानन्द मन्दिर से किया जाएगा। आपमें से जो लोग समय में अन्तर के कारण या किसी अन्य कारणवश इस समय भाग नहीं ले सकते तो इस सत्संग का वेबकास्ट अगले कुछ दिनों तक सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा जिससे कि आप अपनी सुविधानुसार इसमें भाग ले सकते हैं।

जैसा कि मैंने पहले बताया है कि सूर्य का प्रकाश अत्यन्त तेज़ गति से दूरी तय करता है, वह वैज्ञानिक अनुसन्धानों पर आधारित है। ऐसा भी कहा जाता है कि सूर्य के बिना, पृथ्वी पर जीवन ही नहीं होगा। और मुझे लगता है कि मैं यक़ीन के साथ यह कह सकती हूँ कि हम सभी सिद्धयोगियों के लिए सत्संग—जो हमारी श्रीगुरु की कृपा से प्रत्यक्ष रूप से ओत-प्रोत होता है—हमारी साधना को जीवन प्रदान करता है।

आपका शक्तिपूरित स्वर कल सिद्धयोग वैश्विक हॉल में गुंजायमान हो और इसके प्रभाव दूर-दूर तक पहुँचे—निश्चित ही, इस ब्रह्माण्ड के हरेक नक्षत्र और आकाशगंगा तक, हर बाह्य सीमारेखा तक और कोने-कोने तक तथा अबाध सीमाओं तक।

आदर सहित,

ईशा सरदेसाई

© २०२३ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन® । सर्वाधिकार सुरक्षित।